## 10 सफाई संरक्षकों को बर्खास्तगी का नोटिस

जोन क्रमांक एक, दो, तीन के 10 सफाई संरक्षकों को निगमायुक्त ने सेवा से बर्खास्तगी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ये ऐसे कर्मचारी हैं, जिनका नाम वार्ड/जोन पर दर्ज होने के साथ ही वार्डों में लगाए गए फ्लेक्स पर अंकित है, लेकिन वे कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं रहते हैं।

नई दुनिया

5-7-2021

**49 नए केस मिले:** 12 लोगों ने तोड़ा दम

# प्रदेश में 9 हजार लोगों को लील गया कोरोना संक्रमण

**भोपाल@पत्रिका.** प्रदेश में 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 49 नए मामले मिले। 12 लोगों ने दम तोड़ा। इन्हें मिलाकर अब तक राज्य में महामारी की चपेट में आने से कुल 9,001 लोगों की मौत हो चुकी है। 7,89,936 लोग संक्रमण की जद में आए हैं। शनिवार को भोपाल में 12 तो इंदौर में कोरोना के 9 नए मरीज सामने आए। अब प्रदेश में 490 सक्रिय मरीज हैं। भोपाल में सबसे 99 सक्रिय मरीज हैं। वहीं, इंदौर में 94, दमोह में 67, राजगढ़ में 25, बैतूल में 22, उज्जैन में 20 और रतलाम में 15 एक्टिव केस हैं।

## 2.65 लाख को लगी वैक्सीन

मध्यप्रदेश में ***शनिवार को 2 लाख 65 हजार*** से ज्यादा लोगों का टीकाकरण किया गया। यहां अब तक ***2 करोड़ 15 लाख 92 हजार*** से अधिक नागरिकों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। इनमें 1 करोड़ 87 लाख 82 हजार से ज्यादा को पहला तो 28 लाख से अधिक नागरिकों को दोनों डोज दिए जा चुके हैं। 4/10/21

# सड़क चलते लोगों की कर रहे जांच

**रतलाम.** जिले में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के प्रभाव को देखते हुए अब भी संदिग्धों के साथ आमजन की रैंडम तरीके से कोरोना जांच की जा रही है। हर दिन लगभग 100 लोगों की एक ही स्थान पर जांच का लक्ष्य रखा गया है जिससे कि बीमारी को फिर से पैर पसारने से आसानी से रोका जा सके। यही कारण है कि जिले के विभिन्न स्थानों से भेजे गए 982 सैंपल की जांच रिपोर्ट आना अब भी शेष है।



कोरोना संदिग्धों की जानकारी जुटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का मामला पुलिस के साथ शनिवार को सागोद रोड पर शहर में आने और जाने वाले लोगों की जांच करता नजर आया। जितने भी लोगों के रैंडम तरीके से सैंपल कलेक्ट किए जा रहे हैं, उन सभी की मेडिकल कॉलेज में स्थित लैब में आरटी पीसीआर जांच होगी। दरअसल रैपिड टेस्ट के मुकाबले आरटी पीसीआर जांच को ज्यादा बेहतर माना जाता है।

कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए रैंडम तरीके से की जा रही जांच के माध्यम से यह पता लगाने में आसानी रहेगी कि कोई संक्रमित व्यक्ति खुलेआम घूम तो नहीं रहा है जिसके माध्यम से संक्रमण फैल सके। यदि रिपोर्ट में कोई पॉजिटिव पाया जाता है तो ऐसे व्यक्ति को स्वास्थ्य विभाग का मामला जांच कर उपचार करेगा और होम आइसोलेट करेगा।

# कहीं फलदार तो कहीं छायादार पौधे रोपे

## पर्यावरण : नागरिकों ने पौधारोपण कर लिया देखभाल का जिम्मा


गांधीनगर के आंबेडकर गार्डन में पौधारोपण करते गजेंद्रसिंह नारंग व अन्य।

रतलाम। प्रकृति का हरियाली से शृंगार करने के लिए वर्षाकाल में अनेक संगठन और पर्यावरण प्रेमी आगे आ रहे हैं। जगह-जगह पौधारोपण किया जा रहा है। कहीं फलदार तो कहीं छायादार पौधे रोपे जा रहे हैं। पौधारोपण के साथ ही नागरिकों द्वारा उनकी देखभाल का जिम्मा भी लिया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर रोटरी क्लब रतलाम प्राइम द्वारा पौधारोपण किया गया। प्राइम द्वारा गोद लिए गांधी नगर स्थित आंबेडकर गार्डन में फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। अध्यक्ष सौरभ नाहर ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर गजेंद्रसिंह नारंग और सार्थिका नारंग के आतिथ्य में आयोजन किया गया।

4-7-2021

मामला सागोद रोड पुलिया का

# सेतू निगम की ड्राइंग पर एक-दो दिन में हो सकता अंतिम फैसला

## रेलवे ने ड्राइंग दे दी, इस्टीमेट नहीं दिया, इससे मामले में अभी भी लग सकता है वक्त

पत्रिका

एक्सक्लूसिव

**निगम कोशिश को जल्द ही कामयाबी मिल सकती है**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



सागोद रोड पुलिया की वर्तमान स्थिति।

रतलाम. सागोद रोड पुलिया को सिंगल रोड से फोरलेन करने के लिए सेतू विकास निगम की तरफ से की जा रही कोशिशों को जल्द ही कामयाबी मिल सकती है। ब्रिज के दोनों तरफ के उस हिस्से को जो लोनिवि द्वारा फोरलाइन के लिए छोड़ा गया है उसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और इसकी ड्राइंग को लेकर कुछ पेच फंसा हुआ है। भोपाल में चीफ इंजीनियर के सामने इसका प्रजेंटेशन होना है और जल्द ही इसकी मंजूरी मिल सकती है। ब्रिज के आसपास के क्षेत्र को फोरलाइन करने के लिए यह डिजाइन भेजी गई है। दूसरी तरफ रेलवे पटरी वाले हिस्से का काम रेलवे ही करेगी लेकिन रेलवे ने अब तक इसका एस्टीमेट नहीं दिया है।

### गुजरात की कंपनी करेगी निर्माण कार्य

ब्रिज के दोनों तरफ के लोनिवि के छोड़े गए हिस्से को फोरलेन के हिसाब से बनाने के लिए सेतू निगम ने 19 करोड़ 48 लाख का यह प्रस्ताव तैयार कर टेंडर की प्रक्रिया की थी। गुजरात की कंपनी रियाल कंस्ट्रक्शन ग्रुप ने यह टेंडर लिया है। ग्रुप ने नक्शा आदि बना लिया हैं और यह मामला चीफ इंजीनियर के यहां पहुंच चुका है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस पर निर्णय हो सकता है। इसके बाद कंस्ट्रक्शन ग्रुप यहां काम शुरू कर देगा।

### रेलवे का हिस्सा रेलवे ही बनाएगा

सेतू निगम के एसडीओ आरके गुप्ता बताते हैं किरेलवे पटरी के ऊपर का ब्रिज का हिस्सा रेलवे ही बनाता है। सागोद रोड पुलिया को बनाने का काम भी रेलवे परिसर का रेलवे ही करेगी। सेतू निगम से रेलवे का पत्राचार सहित लगभग ज्यादातर काम हो चुका है। रेलवे में अपनी तरफ से डिजाइन भी सेतू निगम को दे दी है किंतु फोरलाइन के हिसाब से ब्रिज का एस्टीमेट नहीं दिया है। पुराने बाजना बस स्टेंड से करोठ माता मंदिर तक लोनिवि ने फोरलाइन के हिसाब से डिजाइन किया था। सागोद ब्रिज होने से उसके आसपास और ब्रिज को लोनिवि नहीं बनाएगा। यह काम सेतू निगम के जिम्मे है। लोनिवि ने वन विभाग के सामने तक और दूसरी तरफ ब्रिज से कलीमी कालोनी तक का काम नहीं किया है।

दोनों तरफ की कुल लागत -
**19 करोड़ 48 लाख**
ठेका गया
**19.49 फीसदी बिलो रेट पर**
फोरलेन की चौड़ाई - **21 मीटर**
रेलवे ब्रिज का हिस्सा
**- 21 मीटर चौड़ा**
कुल पेड़ कटेंगे - **54**

### रेलवे ने अभी केवल डिजाइन भेजी

सागोद रोड ब्रिज को फोरलेन करने के लिए रेलवे ने अभी तक अपनी तरफ से डिजाइन भेजी है। एस्टीमेट उनकी तरफ से आना है। ब्रिज के दोनों तरफ के हिस्से की डिजाइन भोपाल भेजी जा चुकी है और जल्द स्वीकृत होकर आ जाएगी। **-आरके गुप्ता**, एसडीओ सेतू निगम

पत्रिका
4-7-2021

# रतलाम नगर निगम ने 1022 मवेशी गोशाला भेजे

5/7/2021

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़कों, चौराहो पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है। सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 2 जुलाई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1022 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गोशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत अब सैलाना रोड, जवाहर नगर, विनोबा नगर आदि क्षेत्रों से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया।

4-7-2021

# वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक पर होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

अग्नि-मिलन 4-7-21

अग्नि-मिलन

4-7-2021

(5)

# अनुमति से अधिक भीड़ जुटने पर होटल पर प्रशासन की कार्रवाई

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं करने पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को महू रोड स्थित होटल समता सागर पर प्रशासन ने कार्रवाई की। यहां आयोजित विवाह समारोह में अनुमति से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी।

सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा था। समारोह में उपस्थित किसी व्यक्ति में मास्क नहीं लगाया था। साथ ही होटल स्टॉफ भी बगैर मास्क था। एस डी एम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग एवं प्रशासन के दल ने कार्रवाई करते हुए होटल पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया तथा भविष्य में अनुमति अनुसार आयोजन करने के निर्देश दिए।

**होटल स्वाद पर भी कार्रवाई :** प्रशासन के दल द्वारा दो बत्ती स्थित होटल स्वाद रेस्टोरेंट्स पर भी कार्रवाई की गई। यहां भी बिना मास्क के ग्राहक के उपस्थित होने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। शहर के अन्य होटलों पर भी कार्रवाई समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

प्रसारण 4-7-21

प्रसारण 4-7-2021

# रतलाम में भीड़ जुटाने पर होटल समता सागर पर प्रशासन ने की कार्रवाई

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं करने पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। महू रोड स्थित होटल समता सागर पर प्रशासन ने कार्रवाई की। यहां आयोजित विवाह समारोह में अनुमति से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा था। समारोह में उपस्थित किसी व्यक्ति में मास्क नहीं लगाया था। होटल स्टाफ भी बगैर मास्क था। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग एवं प्रशासन के दल ने कार्रवाई करते हुए होटल पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया तथा भविष्य में अनुमति अनुसार आयोजन करने के निर्देश दिए। इसी तरह प्रशासन के दल द्वारा दो बत्ती स्थित होटल स्वाद रेस्टोरेंट्स पर भी कार्रवाई की गई।

पीपुल्स समाचार 4-7-2021

# अनुमति से अधिक भीड़ जुटने पर होटल पर प्रशासन की कार्रवाई

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं करने पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को महू रोड स्थित होटल समता सागर पर प्रशासन ने कार्रवाई की। यहां आयोजित विवाह समारोह में अनुमति से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा था। समारोह में उपस्थित किसी व्यक्ति में मास्क नहीं लगाया था। साथ ही होटल स्टाफ भी बगैर मास्क था। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग एवं प्रशासन के दल ने कार्रवाई करते हुए होटल पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया तथा भविष्य में अनुमति अनुसार आयोजन करने के निर्देश दिए। होटल स्वाद पर भी कार्रवाई प्रशासन के दल द्वारा दो बत्ती स्थित होटल स्वाद रेस्टोरेंट्स पर भी कार्रवाई की गई। यहां भी बिना मास्क के ग्राहक के उपस्थित होने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। शहर के अन्य होटलों पर भी कार्रवाई समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

इन्दौर समाचार 4-7-2021

# भीड़ जुटने पर होटल पर प्रशासन की कार्रवाई

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं करने पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को महू रोड स्थित होटल समता सागर पर प्रशासन ने कार्रवाई की। यहां आयोजित विवाह समारोह में अनुमति से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा था। समारोह में उपस्थित किसी व्यक्ति में मास्क नहीं लगाया था। साथ ही होटल स्टाफ भी बगैर मास्क था। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग एवं प्रशासन के दल ने कार्रवाई करते हुए होटल पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया तथा भविष्य में अनुमति अनुसार आयोजन करने के निर्देश दिए।

रतलाम में कोरोना खत्म होने की कगार पर

# कोरोना से राहत : मेडिकल कॉलेज का कोविड-19 हॉस्पिटल हुआ खाली

पत्रिका डेटा डिकोडेड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बाद अब हालात लगभग पूरी तरह से सामान्य होने लगे हैं। जिले में अब तक 17484 से अधिक कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए हैं जिनमें से महज 16 ही एक्टिव केस रह गए हैं। शेष सभी मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। महज एक माह में बदली रतलाम की यह तस्वीर काफी सुखद अनुभव वाली है।

दो माह पूर्व जब कोरोना रतलाम में पिक पर था, उस समय 1 मई को कोरोना संक्रमित एक्टिव केस की संख्या 11132 थी जबकि डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 9118 रही थी। मई माह की शुरुआत में मौत का आंकड़ा भी महज 199 पर था जो कि अगले 2 महीनों में इस कदर बढ़ा कि 300 के पास जा पहुंचा। मई की शुरुआत में एक्टिव केस की संख्या भी जिले में महज 1815 थी जो कि महीना खत्म होते-होते काफी बढ़ गई।

दो माह पूर्व जहां मेडिकल कॉलेज में पैर रखने तक की जगह नहीं थी और मरीजों को कोविड हॉस्पिटल के बाहर गेट पर तड़पते देखा जा रहा था लेकिन वर्तमान में दहाई के आंकड़े से भी कम मरीज कोरोना के जिले में रह गए हैं। जिले में अब तक कुल मरीजों की संख्या 17484 है। इसके अतिरिक्त मौत का आंकड़ा 311 दर्शाया गया है। अस्पताल में गिनती के मरीज होने से स्टाफ को काफी राहत है।

### अब तीसरी लहर का खतरा

कोरोना की दूसरी लहर के बाद अब तीसरी लहर का खतरा बढ़ने लगा है। इसकी आशंका के चलते अभी से मेडिकल कॉलेज और बाल चिकित्सालय में तैयारियां जोरों पर चल रही है। किसी लहर में सबसे ज्यादा बच्चों का प्रभावित होना बताया जा रहा है। इसी कारण से मेडिकल कॉलेज में एक वार्ड को बच्चों के लिए तैयार किया गया है, जहां पर 30 बेड लगाए गए हैं। वहीं बाल चिकित्सालय में भी मरम्मत के साथ रिनोवेशन का काम जारी है।

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| 17484 | एक्टिव केस |
| 17157 | डिस्चार्ज मरीज |
| 980 | रिपोर्ट आना शेष |
| 311 | कुल मौत |

# जहां सबसे ज्यादा खतरा, वहीं लापरवाही



जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में मरीजों के साथ परिजनों की भीड़

पत्रिका न्यूज पंच

रतलाम. जिला अस्पताल सर्जिकल वार्ड में शनिवार को बड़ी लापरवाही नजर आई। वार्ड में भर्ती मरीजों के साथ में बड़ी संख्या में उनके परिजन भी मौजूद है जिसके चलते यहां पर कोविड नियमों की धज्जियां

उनके परिजनों की जानकारी मंडरा रहे खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता।

दरअसल एक ही स्थान पर अधिक लोगों की भीड़ जमा ना हो उसके लिए पुलिस, प्रशासन और नगर निगम का अमला लगातार चालानी कार्रवाई कर रहा है। इसके साथ ही कोविड नियमों का पालन करने के भी निर्देश दिए जा रहे हैं लेकिन वही सारे नियम और कायदे सर्जिकल वार्ड में टूटते नजर आ

### टला नहीं है संक्रमण का खतरा

कोरोना संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है, इस तरह की लापरवाही कई लोगों की जान पर खतरा बन सकती है। जिम्मेदारों को ध्यान रखना होगा कि भीड़ जमा ना हो। दरअसल अस्पताल में सभी तरह के मरीज आते हैं, ऐसे में कोरोना का खतरा यहां अधिक रहता है। यदि किसी

# खाली प्लॉटों पर कब्जा कर बनाईं झोपड़ियां

भास्कर संवाददाता | रतलाम

गोपाल गोशाला कॉलोनी के खाली प्लॉटों पर अवैध कब्जा हो गया है। यहां कई लोगों ने अवैध तरीके से झोपड़ियां बना ली है। साथ ही असामाजिक तत्व यहां शराब पीकर धमाल मचाते हैं। कुछ दिनों पहले कलीमी कॉलोनी में हुई चोरी का माल भी पुलिस ने यहां बनी झोपड़ियों से बरामद किया था। कॉलोनीवासियों की ओर से गोपाल गोशाला न्यास ट्रस्ट के पदाधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। इसमें बताया कि गोपाल गोशाला न्यास धार्मिक ट्रस्ट है। हम सभी कॉलोनीवासी की भी ट्रस्ट से आस्था जुड़ी है। ऐसे ट्रस्ट की संपत्ति पर जो कब्जा हो रहा है। अतिक्रमण हटाकर बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जाए ताकि जो अवैध गतिविधियां हो रही हैं उस पर तुरंत रोक लग सके। इस मौके पर कॉलोनी के रहवासी मौजूद थे। इस पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।

**थाने से नजदीक कॉलोनी, फिर भी अवैध गतिविधियां :** यह कॉलोनी सागोद रोड पर है। यहां से कुछ ही दूरी पर दीनदयालनगर थाना भी है। बावजूद अवैध गतिविधियां चल रही हैं और लोगों ने प्लॉटों पर अवैध कब्जा भी कर रखा है।

दै० भास्कर

4-7-2021

# लाइन शिफ्टिंग का कार्य आज

रतलाम। नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चार जुलाई को ठीकाला रोड पर 11 केवी लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 11 केवी जय भारत नगर फीडर से बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। इससे मिल्लत नगर, काजीपुरा, जय भारत नगर, शेरानीपुरा, सुदामा परिसर, समता सिटी, चार चवकी चौराहा, विवलपास सहित आसपास के क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक बंद रहेगा।

नई दुनिया

5-7-2021

12

# सिंधिया के साथ जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट भी रहेंगे

रतलाम। राज्यसभा सदस्य व भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के पांच जुलाई को जिले के दौरे में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट सहित जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया भी साथ रहेंगे।


ज्योतिरादित्य सिंधिया

मंत्री सिलावट चार जुलाई को दोपहर दो बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से ज्योतिरादित्य सिंधिया का दौरा शुरू होने पर वे उदयपुर से नीमच पहुंचने के बाद चार जुलाई को रात्रि विश्राम करेंगे। पांच जुलाई को मंदसौर होते हुए दोपहर 12:20 बजे जावरा आएंगे। वहां से 1:20 बजे रवाना होकर पिपलौदा जाने के बाद दोपहर 2:40 बजे रतलाम पहुंचेंगे।

रतलाम से शाम 4:20 बजे रवाना होकर 4:40 बजे ग्राम सरवड़ में रुकने के बाद शाम 5:20 बजे धार जिले के बदनावर पहुंचेंगे। इसी तरह जिला प्रभारी मंत्री व नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया रविवार दोपहर 3.30 बजे रतलाम आकर जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर रात्रि विश्राम रतलाम में ही करेंगे।

नईदुनिया 5-7-2021

# जल संसाधन मंत्री सिलावट भी रहेंगे सिंधिया के दौरे में

रतलाम | सोमवार को राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया जिले के एक दिनी दौरे पर रहेंगे। जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण व मत्स्य विकास विभाग मंत्री तुलसी सिलावट भी साथ रहेंगे। वे 4 जुलाई को दोपहर 2 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पर सिंधिया की अगवानी करेंगे। उनके साथ नीमच, मंदसौर का दौरा करते हुए 5 जुलाई को जिले में आकर जावरा, पिपलौदा व स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

5-7-2021

**सुविधा** • ऑनलाइन बैंकिंग व ई-कॉमर्स सुविधा जल्द

# सहकारिता बैंक में संभाग का पहला एटीएम रतलाम में शुरू किया गया

भास्कर संवाददाता | रतलाम



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर "सहकारिता से बेहतर पुनर्निर्माण" विषय पर कार्यक्रम किया। अतिथि रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप

दैनिक भास्कर, रविवार 04 जुलाई 2021

**प्रशासनिक मैनेजमेंट का असर दिखा**

# केंद्रों पर लोगों को परेशान नहीं होना पड़ा, 100% लोगों को लगा टीका

## दूसरे डोज के लिए ऐसी व्यवस्था की जरूरत, आज नहीं होगा टीकाकरण, 5 को कोविशील्ड का दूसरा डोज ही

रतलाम | टीकाकरण व्यवस्था में प्रशासनिक बदलाव का असर दिखा। शनिवार को टीकाकरण केंद्रों पर टोकन पर दिए समय के अनुसार वैक्सीन लगाई गई। असर ये हुआ कि केंद्रों पर लंबी कतार जैसी स्थिति नहीं बनी। शहर में 100% टीकाकरण हुआ है।

हालांकि शनिवार को को-वैक्सीन का सेकंड डोज ही लग रहा था, यह टीका कम लोगों को लगना था इसलिए भी भीड़ कम रही है। जिले में 4520 लोगों को शाम तक टीके लगाए गए। अब रविवार को टीकाकरण नहीं किया जाएगा। आगामी टीकाकरण सोमवार को होगा। सोमवार को सिर्फ कोविशिल्ड के टीके लगेंगे।

शुक्रवार का नजारा



यह सागोद रोड का केंद्र है। इस केंद्र की तरह ही शहर के ज्यादातर केंद्रों पर सहूलियत से टीके लग सके।

शनिवार का नजारा



एक दिन पहले हुए टीकाकरण में सागोद रोड के केंद्र पर इस तरह भीड़ थी।

# शहर विधायक ने एसडीएम को कहा- टीकाकरण का काम व्यवस्थित हो

रतलाम | कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान की व्यवस्था को लेकर विधायक चेतन्य काश्यप ने भाजपा टीकाकरण प्रभारियों से चर्चा की। चर्चा के बाद उन्होंने उन्होंने एसडीएम अभिषेक गेहलोत से चर्चा की। टीकाकरण प्रभारियों के साथ हुई चर्चा में बताया कि टीकाकरण अभियान की व्यवस्था में हाल ही में जो परिवर्तन हुए हैं, उससे आमजन को परेशानी हो रही है। विधायक काश्यप ने कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सहयोग की जानकारी ली। भाजपा जिला टीकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी, विधानसभा प्रभारी सोमेश पालीवाल, सेवा ही संगठन प्रभारी जयवंत कोठारी, निर्मल कटारिया, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित व कृष्णकुमार सोनी मौजूद थे।



टीकाकरण अभियान की व्यवस्था को लेकर शहर विधायक ने बैठक की।

5-7-2021

# जुर्माना लगाया

रतलाम। स्पॉट फाइन दल ने शनिवार को खुले में गंदगी करने पर चौधरी रेस्टोरेंट, अमित स्टेशन रोड, सार्थक, योगेश कॉलेज रोड, रतनलाल, सोहनलाल, कैलाश, चांदनी चौक, रशीद खान त्रिपोलिया गेट, सहज कार डेकोरेटर्स महू रोड व परवेज महू रोड बस स्टैंड पर 100 रुपए स्पॉट फाइन वसूला।

5-7-2021

# कसावट : वाट्सएप पर देना होंगे सफाई के फोटो

## अफसर करेंगे वेरिफिकेशन उसके बाद मिलेगा वेतन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की सफाई को और बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था में और कसावट कर दी गई है। इसके लिए शनिवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कई बदलाव किए तो वार्ड व जोन प्रभारियों को नए दायित्व भी दिए। अफसर समय-समय पर उसका और ड्यूटी पर आने वाले कर्मचारियों का वेरिफिकेशन करेंगे। इसके बाद ही वेतन जारी होगा।

## सफाई व्यवस्था में कसावट के लिए ये नगर निगम आयुक्त ने किए ये इंतजाम

- **देना होंगे फोटो** – जोन प्रभारी और वार्ड दरोगा को रोजाना सफाई के फोटो वॉट्सएप पर देना होंगे। अभी शहर में पहली शिफ्ट में सुबह 6.30 से 11 बजे तक तथा दूसरी शिफ्ट में दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक सफाई हो रही है। अधिकारी वेरिफिकेशन करेंगे, उसी आधार पर पेमेंट निकलेगा।
- **कचरे की तुलाई** – कचरे की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्शन वाहन से आने वाले कचरे की जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर रोजाना तुलाई शुरू कर दी गई है। शनिवार को 82 टन कचरा पहुंचा।
- **दायित्व बदला** – प्रभारी कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख को जलप्रदाय, उद्यान, प्रकाश व वाहन विभाग (कर्मशाला) का दायित्व भी संभालेंगे।
- **ड्राइवरों व हेल्परों की उपस्थिति** – ड्राइवर व हेल्परों की उपस्थिति, गाड़ियों की मॉनिटरिंग अब जोन प्रभारी करेंगे। इसके लिए उन्हें 6 बजे कर्मशाला में आना पड़ेगा।
- **जोन व वार्ड प्रभारी को जिम्मेदारी** – खुले में कचरा डालकर नगर गंदगी फैलाने वालों पर वार्ड और जोन प्रभारी स्पॉट फाइन की कार्रवाई करेंगे। **नोटिस** - वार्ड में लगाए फ्लेक्स में नाम दर्ज होने के बावजूद ड्यूटी पर नहीं जाने वाले जोन एक, दो व तीन के 10 सफाई कर्मचारियों को शनिवार को सेवा से बर्खास्त का नोटिस जारी हो चुका है। इनमें जोन एक के जितेंद्र बलराय, श्याम प्रकाश, सुमनलाल रतन, वार्ड 5 के शंकर-पुनाजी, हरिओम मनोहर, सनी मुकेश, जोन दो के जयकिशन मदन, नरेंद्र नवीन, जोन तीन के महेंद्र राजेंद्र, जितेंद्र प्रकाश शामिल हैं।

दै. भास्कर
4-7-2021

# वाट्सएप पर फोटो भेजने पर मिलेगा वेतन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए सफाई कर्मचारियों पर भी कसावट की जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्डों में सफाई संरक्षकों द्वारा दोनों शिफ्टों में प्रतिदिन की जाने वाली सफाई के फोटो वाट्सएप पर भेजना अनिवार्य किया है। इस आधार पर ही कर्मचारी का वेतन जारी किया जाएगा।

जोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया गया है कि वार्डों में कार्यरत सभी सफाई संरक्षकों का कार्य करते हुए कार्य स्थान के साथ प्रथम शिफ्ट में प्रातः 06:30 व 11 बजे व द्वितीय शिफ्ट में दोपहर 02:30 व शाम 05:30 बजे फोटो भेजा जाए। फोटो के आधार पर स्थल पर जाकर कार्य का अवलोकन किया जाकर कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा सभी कचरा संग्रहण वाहन के ड्राइवर व हेल्परों व उद्यान विभाग के मालियों को भी कार्य करते हुए फोटो भेजना होगा।

**कचरे का वजन भी करवा रहे**

शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का औसत वजन तय करने के बाद अब ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा संग्रहण वाहनों से दिनभर में लाए कचरे का वजन कर मानीटरिंग की जा रही है।

नई दुनिया
4-7-2021